<u>राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत</u>

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 01.01.2013 को दोपहर: 12.00 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक पावरग्रिड के भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष में हुई जिसमें मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) व समिति के सभी सदस्यों के साथ साथ सभी कार्मिकों ने भी भाग लिया।

<u>राजभाषा कार्यांवयन समिति के सदस्य</u>

श्री एस के सोनी, मु.कार्यपालक अधिकारी, अध्यक्ष

श्री वी के अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक

श्री अवधेश मनि, सदस्य

श्री आर के बंसल , सदस्य

श्री एस आर नरसिम्हन, सदस्य

श्रीमति मीनाक्षी गर्ग, सदस्या

श्री एस बडपंडा, सदस्य

श्री अनिल चड्डा, सदस्य

श्री एस सी सक्सैना, सदस्य

श्री ए के मारवाह, सदस्य

श्री सुकांत मैत्रा

श्री अनिल मेहता, कार्यपालक सचिव(मा.सं)

श्री सुरेश कोहली, व. स.ज.अ.(नो.अ)

1.0 सर्वप्रथम श्री अशोक मारवाह, मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों व कार्मिकों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया व पिछली तिमाही में राजभाषा हिंदी की प्रगति के बारे में अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों को अवगत कराया और सभी विभागाध्यक्षों को उनके अधीन कार्मिकों को राजभाषा हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया ।

2.0 अध्यक्ष महोदय ने बैठक के आरंभ में सभी अधिकारियों व सभी कार्मिकों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी व गत बैठक की समीक्षा की और सभी से कहा कि नव वर्ष में ग्रिड का संचालन सुचारु रूप से चलाने के साथ साथ राजभाषा

हिन्दी में सभी कर्मचारी, अधिकारी और विभागाध्यक्ष उसी जिम्मेवारी व लग्न से करें ताकि हिन्दी के पत्रों का जवाब तो हिन्दी में अवश्य जाए परंतु अंग्रेजी के पत्रों का भी ऊतर जहां तक संभव हो सके हिन्दी में जाए | जिस प्रकार सूचना के अधिकार का कोई पत्र किसी के पास आता है और वह तत्काल उसका ऊतर बनाने के लिए लग जाता है, इसी तरह राजभाषा हिंदी का दैनिक कार्यालीन कार्य मजबूरी समझ कर न करें अपितु अपनी नैतिक जिम्मेवारी मान कर करें | अध्यक्ष महोदय नें सभी सदस्यों के अलावा सभी कार्मिकों से भी आग्रह किया कि भविष्य में भी राजभाषा हिंदी में कार्य करने में अगर किसी कार्मिक को किसी समस्या का सामना करना पडे तो वह मानव संसाधन विभाग से संपर्क करे जिससे उस समस्या का निदान किया जा सके ।

3.0 श्री वी के अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक(रा।भ।प्रे।के।) ने भी सर्वप्रथम नव वर्ष की शुभकामनाएँ सभी सदस्यों व सभी कार्मिकों को दी व अध्यक्ष महोदय के कथन का समर्थन किया कि अगर सभी कार्मिक दूसरे कार्यों की तरह राजभाषा हिन्दी में दैनिक कार्य करना प्रारम्भ करेंगे तो धीरे धीरे वो इसमें पारंगत हो जाएंगे |

4.0 अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा हिंदी में कार्य करने के लिए सभी कार्मिकों को प्रोत्साहित किया व साथ में यह भी कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में अगली बार से सभी सदस्यों के साथ साथ सभी कार्मिकों को भी आमंत्रित किया जाए |

5.0 अंत में मुख्य प्रबंधक(मा.सं) ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में आने पर अध्यक्ष महोदय व अन्य सभी सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

अवलोकानार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)

कार्यपालक सचिव(मा.सं)
01.01.2013

मुख्य प्रबंधक(मा.सं)

कार्यपालक निदेशक (रा.भा.प्रे.क्रे.)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको)

कापी: श्री आई आर किदवई, कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन विभाग), पावरग्रिड, गुडगांव